# वर्कशॉपः टीएमयू में स्टुडेंट्स को समझाई एडवांस्ड क्लीनिकल फिजियोथेरेपी प्रैक्टिसेज

मुरादाबाद।

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से एड्वांस्ड क्लीनिकल फिजियोथेरेपी प्रैक्टिसेज पर हुई वर्कशॉप में एल्युमिनाई ने स्टुडेंट्स को क्लीनिकल एक्सपोजर प्रदान करने, केस-आधारित सीखने को बढ़ावा देने, उन्नत फिजियोथेरेपी मूल्यांकन तकनीकों का वास्तविक क्लीनिकल अभ्यास कराया। वर्कशॉप में बीपीटी बैच 2017 के पासआउट और मन्नत फिजियोकेयर, गुरूग्राम के फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मखदूम हसन ने आईटी बैंड सिंड्रोम का समग्र मूल्यांकन एवं उन्नत फिजियोथेरेप्यूटिक रणनीति पर बोलते हुए इलियोटिबियल बैंड सिंड्रोम- आईटीबीएस की विस्तृत व्याख्या की। साथ ही उन्होंने आईटीबीएस के कारण, बायोमैकेनिकल कारकों, क्लीनिकल मूल्यांकन तकनीकों और उन्नत फिजियोथेरेप्यूटिक प्रबंधन तरीकों पर गहन चर्चा की। डॉ. हसन ने केस-आधारित उदाहरण और साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण से स्टुडेंटस को व्यावहारिक ज्ञान दिया । बीपीटी बैच 2019 की एल्युमिना और मन्नत फिजियोकेयर, गुरूग्राम की फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. ऐमन खान ने प्रसवोत्तर महिलाओं में पेल्विक फ्लोर डिसफंक्शनः क्लीनिकल मूल्यांकन एवम् फिजियोथेरेप्यूटिक हस्तक्षेप पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने मूल्यांकन उपकरणों, व्यायाम प्रिस्क्रिप्शन और मरीज-विशिष्ट हस्तक्षेप रणनीतियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उनके क्लीनिकल अनुभवों ने छात्रों को महिला स्वास्थ्य के इस महत्वपूर्ण पहलू की गहन समझ प्रदान की। दोनों सत्रों में इंटरैक्टिव चर्चाएं, क्लीनिकल डेमोंस्ट्रेशन एवम् व्यावहारिक मार्गदर्शन के जरिए स्टुडेंट्स को व्यावहारिक ज्ञान दिया गया । कार्यक्रम में एल्युमिनाई रिलेशन्स सेल के सहायक निदेशक श्री सिद्धार्थ माथुर, फिजियोथेरेपी विभाग की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल, एल्युमिनाई समन्वयक डॉ. नंद किशोर साह आदि के संग-संग फिजियोथैरेपी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# विण्टर वण्डरलैण्ड कार्निवल मे नन्हें-मुन्नों ने की मस्ती

मुरादाबाद।



जी.डी. गोएंका टॉडलर हाउस प्ले स्कूल में विण्टर वण्डरलैण्ड कार्निवल का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में छोटे ब'चों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जी.डी. गोएंका की डायरेक्टर डॉ0 मल्लिका गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन ढाई साल से दस साल तक के ब'चों के लिए किया गया था। जी.डी. गोएंका स्कूल के बच्चों के साथ-साथ बाहर के अन्य स्कूलों के बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फोटो बूथ, गेम स्टॉल, बच्चों के झूले, फन एक्टीविटीज, फूड स्टॉल, सरप्राइज गिफ्ट, लकी ड्रॉ. टैटू स्टेशन थे। सनसैट स्कॉलर्स की डायरेक्टर श्रीमती पवनीत गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम में सबसे 'यादा टैटू स्टेशन व फोटो बूथ ने बच्चों का मन मोह लिया। क्योंकि बच्चों के फोटो हाथ के हाथ उन्हें मिल रहे थे. इस प्रकार के प्रोग्राम से बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। गेम स्टॉल में भी ब'चों ने कई तरह के इनाम जीते। लकी ड्रा में तीन विनर रहे। यह कार्यक्रम जी.डी. गोएंका और सनसैट स्कॉलर्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चे, तथा उनके अभिभावक, शहर के गणमान्य लोग व जी.डी. गोएका प्ले स्कूल व सनसैट स्कॉलर्स के सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

# ब्रिटेन में बहराइच की बेटी कुमकुम गुप्ता को अंतरराष्ट्रीय गौरव




बहराइच। जिले के लिए गर्व का क्षण है। बहराइच के प्रमुख व्यवसाई कमल शेखर गुप्ता की प्रिय भांजी कुमकुम गुप्ता को ब्रिटेन में प्रतिष्ठित टेक वूमेन 100 अवॉर्ड-2025 से सम्मानित किया गया हैयह सम्मान उन्हें तकनीकी क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं की श्रेणी में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह पुरस्कार केपीएमजी (केएमपीजी) के सहयोग से आयोजित अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिया गया, जिसमें विश्वभर से चयनित प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कुमकुम गुप्ता की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे बहराइच जनपद में हर्ष और गौरव का वातावरण है। परिजनों, शुभचिंतकों और व्यवसायिक जगत से जुड़े लोगों ने कुमकुम गुप्ता को बधाई देते हुए इसे युवाओं, विशेषकर महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया है। उनका यह सम्मान यह दर्शाता है कि मेहनत, प्रतिभा और लगन के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनाई जा सकती है।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई विद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक

बहराइच।



जिलाधिकारी/अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में सआदत इन्टर कालेज नानपारा में विद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उप जिलाधिकारी नानपारा/उपाध्यक्ष मोनालिसा जौहरी, तहसीलदार/प्रबन्धक रविकान्त द्विवेदी, प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार मिश्र, समिति के सदस्य आनन्द कुमार अग्रवाल सहित विद्यालय के शिक्षकगण मौजूद रहे। बैठक के दौरान विद्यालय प्रबन्ध समिति के 02 रिक्त सदस्य पद पर सत्य प्रकाश गुप्ता एव नरेश चन्द्र अग्रवाल के चयन, विद्यालय के अर्थशास्त्र, नागरिक शास्त्र, इतिहास एवं अंग्रेजी प्रवक्ता पदों पर सहायक शिक्षकों की पदोन्नति तथा सहकारी बैंक नानपारा में जमा विद्यालय की धनराशि का आहरण कराये जाने पर विचार-विमर्श किया। डीएम ने कहा कि जो सदस्य विद्यालय के विकास में अग्रणी भूमिका निभाना चाहते हैं उन्हें साधारण सभा का सदस्य बनाया जाय। डीएम श्री त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे पुरातन छात्र जो विद्यालय के विकास के लिए आकांक्षी हो उन्हें सम्मानपूर्वक आमंत्रित कर सम्मानित किया जाय तथा उन्हीं के हाथों कायाकल्प के कार्यों का लोकार्पण भी कराया जाय। विद्यालय की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी नानपरा को निर्देश दिया गया कि पैमाइश कराकर विद्यालय की भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया जाय साथ ही विद्यालय की बाउण्ड्रीवाल के निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार कराया जाय। डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि अध्ययनरत छात्रों को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ उन्हें सामाजिक गतिविधियों के लिए भी प्रेरित किया जाय।

# तैयार हुई निर्वाचक नामावली

मुरादाबाद। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) संगीता गौतम ने जनपद मुरादाबाद की समस्त ग्राम पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचकगण को सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण) नियमावली, 1994 के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार हो गई है और उसकी एक प्रति संबंधित तहसील के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय और संबंधित खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति निर्वाचक नामावली का कार्यालय समय में निरीक्षण कर सकता है। यदि नामावली में किसी के सम्मिलित किए जाने के लिए कोई दावा अथवा किसी प्रकार के अन्य विवरणों के संबंध में कोई संशोधन अपेक्षित हो अथवा सम्मिलित किसी नाम के संबंध में कोई आपत्ति हो तो उसे ×0 दिसम्बर 2025 को या उससे पूर्व प्रपत्र 2, 3 या 4 में जो भी उपयुक्त हो, दाखिल किया जाये।

# भाजपाईयों ने की अटल जी की प्रतिमा की साफ-सफाई

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल एवं महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के नेतृत्व में भारत रत्न श्रद्धेय भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर अटल स्मृति वर्ष के अंतर्गत जिला महानगर कार्यालय एवं महानगर के सभी दस मंडलों में अटल घाट कटघर एवं अटल पथ सिविल लाइन पर महानगर के जनप्रतिनिधिगण, महानगर के पदाधिकारीगण मंडल,मोर्चा, प्रकोष्ठों कार्यकर्तागण ने प्रातः 11 बजे अटल जी की प्रतिमा की साफ सफाई कर एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया तदोपरान्त शाम 6 बजे महानगर कार्यालय एवं अटल पथ पर मुख्य अतिथि महापौर विनोद अग्रवाल ने अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं उनके समक्ष दीप प्र'ज्वलित कर नमन किया।



कार्यक्रम में महापौर विनोद अग्रवाल ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनके बताए रास्ते पर चलने का आवाहन किया उन्होंने कहा कि अटल जी की राजनीतिक यात्रा एवं उनके शासन में सुशासन का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिसमें उनके द्वारा किए गए कार्य बुनियादी ढांचे विदेश नीति और जनकल्याण के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण सुधार शामिल हैं जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल कहा कि हमें अटल जी के राष्ट्र प्रथम मूल्यों के सिद्धांतों पर चलना चाहिए।महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि हमें भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की विरासत को विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ने के लिए राष्ट्रव्यापी सहभागिता पूर्ण गतिविधियों का संचालन करके नागरिकों एवं युवाओं को प्रेरित करना है। अटल पथ पर अटल प्रतिमा पर दीप प्र'ज्वलित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर विनोद अग्रवाल जिला एवं महानगर कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला एवं महानगर महामंत्री नत्थूराम कश्यप दिनेश शोर्षवाल पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा कार्यक्रम संयोजक विशाल त्यागी सह संयोजिका सुनीता शर्मा प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जायसवाल प्रांतीय परिषद सदस्य संजय छक्का महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता चकित चौधरी महानगर उपाध्यक्ष नवदीप टंडन राहुल शर्मा दिनेश सिसोदिया हेमराज सैनी चंद्र प्रजापति,शम्मी भटनागर सर्वेश पटेल अभिषेक चौबे कशिश चौहान विजय लक्ष्मी पंडित पंकज शर्मा सुनीता सैनी हेमा खत्री पूर्णिमा खन्ना रुचि चौधरी विपिन प्रजापति विशाल रस्तौगी मिथुन शर्मा सोमपाल प्रजापति राजीव शर्मा वीरपाल सिंह कपिल गुप्ता सूर्य मोहन शमशेरी गजेंद्र लोदी संजय कुमार अनमोल सक्सैना अनूप महरोत्रा विजय वर्मा पिंकू गुप्ता अर्चित गुप्ता सुरदीप सिंह सुमित अग्रवाल हरेंद्र शर्मा विकी कुमार नीरज कुमार विनय राजोरिया महिपाल सिंह आदि महानगर मंडल मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं पार्षदगण शामिल रहे।

# सम्प्रेक्षण ग्रह में आयोजित हुआ काव्यांजलि कार्यक्रम

मुरादाबाद।



राजकीय सम्प्रेक्षण ग्रह (किशोर) मुरादाबाद में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्मृतिशेष अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती की पूर्व संध्या के अवसर पर काव्यांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय सम्प्रेक्षण ग्रह ( किशोर) मुरादाबाद के अधीक्षक मुकेश चौधरी ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी धवल दीक्षित विशिष्ट अतिथि सम्भल से आये हास्य-व्यंग्य के वरिष्ठ कवि अतुल शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या और ज्ञान की अधिष्ठात्री माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्र'ज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना पूजा राणा के द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन कवि ईशांत शर्मा ईशू ने किया। कार्यक्रम में बोलते हुए सम्प्रेक्षण के अधीक्षक मुकेश चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजन किशोर को देश के महान व्यक्तित्व से परिचय कराने व उनके विकास के लिए बहुत ही आवश्यक है ऐसे कार्यक्रम राजकीय सम्प्रेक्षण ग्रह (किशोर) मुरादाबाद में किशोर के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित किए जाते रहते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए धवल दीक्षित ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को देश की महान विभूतियों एवं शहीदों से परिचित कराना चाहिए, उन्हें मालूम होना चाहिए कि यह आजादी हमें किस प्रकार से अपना सर्वस्व लुटाकर हमारे वीर शहीद ने हमे दी है हमें जीवन में हमेशा अपनी महान विभूतियों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में अवधेश विद्यार्थी, आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ, महावीर सिंह, पूजा राणा, ईशांत शर्मा ईशू, रवि चतुर्वेदी ने स्वरचित रचनाओं और अटल जी की कविताओं से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को कविताओं के माध्यम से काव्याजलि समर्पित की गई।

# एसबीएस स्कूल में हुआ खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

बिलारी।



एसबीएस स्कूल में दिनांक तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता (स्पोर्ट्स मीट) का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस खेल महोत्सव का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर राजीव सहाय एवं प्रधानाचार्य संयोग वसिष्ठ द्वारा किया गया। खेल महोत्सव के प्रथम दिन विद्यालय के चारों हाउस डायमंड, एमराल्ड, रूबी एवं सैफायर के बीच खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई । खो-खो (बालक वर्ग) में रूबी हाउस ने प्रथम, एमराल्ड हाउस ने द्वितीय तथा सैफायर हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो (बालिका वर्ग) में डायमंड हाउस ने प्रथम, रूबी हाउस ने द्वितीय एवं सैफायर हाउस ने तृतीय स्थान हासिल किया। द्वितीय दिन विद्यालय में अंतर-हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रिकेट (बालक वर्ग) में डायमंड हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रूबी हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। क्रिकेट (बालिका वर्ग) में डायमंड हाउस ने प्रथम तथा एमराल्ड हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुकाबले अत्यंत रोमांचक रहे। तीसरे एवं अंतिम दिन वॉलीबॉल, बास्केटबॉल एवं एथलेटिक्स (ट्रैक एंड फील्ड) की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। वॉलीबॉल (बालक वर्ग) में डायमंड हाउस ने प्रथम, एमराल्ड हाउस ने द्वितीय तथा सैफायर हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बास्केटबॉल (बालिका वर्ग) में सैफायर हाउस प्रथम, डायमंड हाउस द्वितीय एवं एमराल्ड हाउस तृतीय स्थान पर रहा। एथलेटिक्स में बालक वर्ग में डायमंड हाउस प्रथम एवं रूबी हाउस द्वितीय रहा, जबकि बालिका वर्ग में एमराल्ड हाउस प्रथम एवं रूबी हाउस द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय के खेल शिक्षक श्री यशवीर चौधरी, श्री आशीष चौधरी एवं श्री सुमित शर्मा का विशेष योगदान रहा, जिनके कुशल मार्गदर्शन में सभी प्रतियोगिताएँ अनुशासन एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुईं। साथ ही विद्यालय की समन्वयक (कोऑर्डिनेटर) नाज़िया ख़ान की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके सहयोग से संपूर्ण आयोजन सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर डायरेक्टर राजीव सहाय एवं प्रधानाचार्य संयोग वसिष्ठ ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी।

